चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 9-2-23 | 02 | 1-4 |

दैनिक भास्कर

सिटी

तकनीकी नवाचार टू मीट द फ्यूचर चैलेंज ऑफ एग्रीकल्चर एंड सलाइड सेक्टर्स विषय पर अध्ययन करेंगे

# एचएयू के 19 स्टूडेंट्स का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन, थाईलैंड में लेंगे कृषि विकास टिप्स

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्रों का एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। एचएयू के वीसी प्रो. बी.आर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वीसी ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है, ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी पाकर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें। हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए गए हैं।



एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

## प्रशिक्षण का खर्च विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत किया जाएगा

प्रोजेक्ट इन्वेस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि विवि की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निःशुल्क रहेगा। जिसका खर्चा विवि की स्कीम संस्थानिक विकास योजना (आईडीपी) के तहत किया जाएगा। डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि 1959 से एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एक अंतरराष्ट्रीय स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय है, जो इंजीनियरिंग पर्यावरण और प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाए हुए है। प्रशिक्षण में छात्रों को सतत कृषि विकास के लिए तकनीकी और व्यावहारिक बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। इसके लिए थाईलैंड के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के एक्सपर्ट विभिन्न सत्र के माध्यम से छात्रों को बेहतरीन टिप्स देंगे।

## इन विद्यार्थियों का चयन हुआ...

विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड, पर्सनालिटी व लीडरशिप टेस्ट व इंटरव्यू के द्वारा किया गया। चयनित स्टूडेंट्स में भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतिश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, कासिन शामिल हैं। इस अवसर पर स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9-2-23 | 04 | 2-3 |

# हकृवि के 19 छात्रों का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए हुआ चयन



हकृवि में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ। • पीआरओ

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है।

विवि अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है। चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश, रश्मि, महक, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल, रविन्द्र, कासिन शामिल हैं।

## आइडीपी के तहत होगा प्रशिक्षण का खर्च

प्रोजेक्ट इन्वस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. केडी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आइडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। जिसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम सांस्थानिक विकास योजना (आइडीपी) के तहत किया जाएगा। डा. केडी शर्मा ने बताया कि 1959 से एशियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एक अंतरराष्ट्रीय स्नातकोतर विश्वविद्यालय है, जो इंजीनियरिंग पर्यावरण और प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाए हुए हैं। प्रशिक्षण में छात्रों को तकनीकी और व्यवहारिक बारीकियों से अवगत कराया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9-2-23 | 04 | 2-5 |

उपलब्धि

**एचएयू के विद्यार्थी 60 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए थाईलैंड में करेंगे अध्ययन**

# 19 छात्रों का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन

माई सिटी रिपोर्टर



हिसार की एचएयू में चयनित छात्र छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. बीआर कांबोज व अन्य। विज्ञप्ति

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 19 छात्रों का एशियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी) थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ठ विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है। ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें।

प्रोजेक्ट इंवस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। डॉ. केडीशर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में छात्रों को सतत कृषि विकास के लिए तकनीकी और व्यावहारिक बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। संस्थान के एक्सपर्ट विभिन्न सत्र के माध्यम से छात्रों को बेहतरीन टिप्स देंगे।

**इन विद्यार्थियों का चयन हुआ :** भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र व कासिन का चयन हुआ है।

इस अवसर पर स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9-2-23 | 04 | 1-2 |




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

# हकृवि के 19 छात्र अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयनित

हिसार, 8 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (ए.आई.टी.), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की।

कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है, ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन-पाठन में शामिल कर सकें।


प्रोजैक्ट इन्वैस्टीगेटर, आई.डी.पी. व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आई.डी.पी. के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। इसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम संस्थानिक विकास योजना के तहत किया जाएगा। इन विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक रिकोर्ड, पर्सनैलिटी व लीडरशिप टैस्ट व साक्षात्कार के द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, कासिन शामिल है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 9-2-23 | 05 | 1-3 |

# हकृवि के 19 विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन

- विद्यार्थी 60 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए थाईलैंड में तकनीकी नवाचार टू मीट द फ्यूचर चैलेंज ऑफ एग्रीकल्चर एंड सलाइड सेक्टर्स विषय पर करेंगे अध्ययन



हिसार (सच कहूँ न्यूज)। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगिण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ठ विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है। ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें। उन्होंने कहा कि हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए गए हैं।

**खर्च विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत किया जाएगा**

प्रोजेक्ट इन्वस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। जिसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम संस्थानिक विकास योजना (आईडीपी) के तहत किया जाएगा। डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि 1959 से एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एक अंतरराष्ट्रीय स्नातकोतर विश्वविद्यालय है, जो इंजीनियरिंग पर्यावरण और प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाए हुए है। इस प्रशिक्षण में छात्रों को सतत कृषि विकास के लिए तकनीकी और व्यवहारिक बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। इसके लिए थाईलैंड के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के एक्सपर्ट विभिन्न सत्र के माध्यम से छात्रों को बेहतरीन टिप्स देंगे।

**इन विद्यार्थियों का चयन हुआ**

इन विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक रिकोर्ड, प्रेसनलिटी व लीडरशिप टेस्ट व साक्षात्कार के द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा, चौधरी साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, कासिन शामिल है। इस अवसर पर स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 9-2-23 | 05 | 6-8 |

# हकृवि के 19 छात्रों का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन

हिसार, 8 फरवरी (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगिण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ठ विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है। ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकेकं। उन्होंने कहा कि हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए गए हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

**प्रशिक्षण का खर्च विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत किया जाएगा**

प्रोजेक्ट इन्वस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। जिसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम सांस्थानिक विकास योजना (आईडीपी) के तहत किया जाएगा।

इन विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक रिकोर्ड, प्रेसनलिटी व लीडरशिप टेस्ट व साक्षात्कार के द्वारा किया गया।

चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधु, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, प्रियंका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, कासिन शामिल है। इस अवसर पर स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 9-2-23 | 09 | 01 |



## अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण को 19 का चयन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाइलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगिण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें। इस अवसर पर स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 08.02.2023 | ------- | ------- |

# हकृवि के 19 छात्रों का अंतरर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार, 08 फरवरी।** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगिण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है। ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें।

उन्होंने कहा कि हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए गए हैं। प्रशिक्षण का खर्च विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत किया जाएगा। प्रोजेक्ट इन्वस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। जिसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम सांस्थानिक विकास योजना (आईडीपी) के तहत किया जाएगा। डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि 1959 से एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एक अंतरराष्ट्रीय स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय है, जो इंजीनियरिंग पर्यावरण और प्रबंधन विषय पर



अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाए हुए है। इस प्रशिक्षण में छात्रों को सतत कृषि विकास के लिए तकनीकी और व्यवहारिक बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। इसके लिए थाईलैंड के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के एक्सपर्ट विभिन्न सत्र के माध्यम से छात्रों को बेहतरीन टिप्स देंगे।

**इन विद्यार्थियों का चयन हुआ**

इन विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक रिकोर्ड, प्रेसनलिटी व लीडरशिप टेस्ट व साक्षात्कार के द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधु, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, अंबिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, कासिम शामिल है। इस अवसर पर स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी शर्मा, अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, निदेशक डॉ. मंजु महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 08.02.2023 | -------- | -------- |

# अंतरर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए हकृवि के 19 छात्रों का चयन



कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 छात्र एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। प्रशिक्षण का खर्च विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत किया जाएगा

प्रोजेक्ट इन्वस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा जिसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम सांस्थानिक विकास योजना (आईडीपी) के तहत किया जाएगा।

चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, कासिन शामिल है। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगिण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ठ विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है। इस अवसर पर डॉ. के.डी शर्मा, डॉ. एस के पाहुजा, डॉ. मंजू महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 08.02.2023 | -------- | -------- |

## हिसार: एचएयू के 19 छात्रों का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन

08 Feb 2023 15:34:54



- थाईलैंड में तकनीकी नवाचार टू मीट द फ्यूचर चैलेंज ऑफ एग्रीकल्चर एंड सलाइड सेक्टर्स विषय पर करेंगे अध्ययन

हिसार, 08 फरवरी (हि.स.)। यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 19 छात्र का एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी) थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कुलपति बीआर कम्बोज ने बुधवार को कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें। उन्होंने कहा कि हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए गए हैं।

प्रोजेक्ट इन्वेस्टीगेटर, आईडीपी व अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निशुल्क रहेगा। जिसका खर्चा विश्वविद्यालय की स्कीम संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) के तहत किया जाएगा। डॉ. के.डी शर्मा ने बताया कि 1959 से एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एक अंतरराष्ट्रीय स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय है, जो इंजीनियरिंग पर्यावरण और प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाए हुए है। इस प्रशिक्षण में छात्रों को सतत कृषि विकास के लिए तकनीकी और व्यवहारिक बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। इसके लिए थाईलैंड के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के एक्सपर्ट विभिन्न सत्र के माध्यम से छात्रों को बेहतरीन टिप्स देंगे।

इन विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड, पर्सनेलिटी व लीडरशिप टेस्ट व साक्षात्कार के द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधू, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋत्विका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शीतल रानी, रविन्द्र, काजिल शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 08.02.2023 | ------- | ------- |

**नभ छोर** स्थानीय-देश-विविध

# हकृवि के 19 विद्यार्थी थाइलैंड में लेंगे 60 दिन का प्रशिक्षण

नभ-छोर न्यूज ›› 08 फरवरी
हिसार। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 19 विद्यार्थी एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में 60 दिन प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों में भव्या संधु, हर्ष, पूजा, कुलजीत, नीतीश कुमार, प्रज्ञा चौधरी, साहिल, प्रतिभा, अजय, ऋषिका राज, आकाश, रश्मि, महक, सतेन्द्र, जतिन, शिल्पा, शिवानी रानी, रविन्द्र, कपिल शामिल है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा की। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहा है। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण के लिए भेज रहा है ताकि वह नई प्रौद्योगिकी व नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने शोध व पठन पाठन में शामिल कर सकें।



प्रशिक्षण का खर्च विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत किया जाएगा। डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्कीम आईडीपी के तहत विद्यार्थियों के लिए यह निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि 1959 से एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी एक अंतरराष्ट्रीय स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय है, जो इंजीनियरिंग पर्यावरण और प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाए हुए है। इस अवसर पर डॉ. केडी शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. मंजु महता, डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-2-23 | 09 | 1-4 |


एग्रो भ

### एचएयू के वैज्ञानिक ने चना, कपास, जौ की फसल के लिए किसानों को दी सलाह

# फरवरी में गेहूं की सिंचाई के साथ खाद जरूर डालें, 15 फरवरी तक सूरजमुखी फसल की करें बिजाई

महबूब अली | हिसार


फरवरी महीना किसानों के लिए खेतीबाड़ी की दृष्टि से खासी अहमियत रखता है। वहीं, सूरजमुखी के फसल की किसानों को 15 फरवरी तक हर हाल में बुवाई कर लेनी चाहिए। इसके लिए उन्नत किस्म हरियाणा सूरजमुखी नंबर-1 और अन्य प्रजातियों का प्रयोग किया जा सकता है। समय पर बिजाई के कारण किसान आमदनी भी बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा इसी माह चने की फसल को भी रोगों से बचाना जरूरी होता है। एचएयू के वैज्ञानिक प्रदेश के किसानों को फरवरी माह में फसलों की देखभाल के संबंध में टिप्स दे रहे हैं। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का कहना है कि किसान फसलों की देखभाल के साथ कीटनाशक का भी समय पर प्रयोग करें। किसानों को ऑनलाइन व ऑफलाइन टिप्स दिए जा रहे हैं।

## गेहूं और जौ में खाद डालने के बाद गोड़ी अवश्य करें



वैज्ञानिकों के अनुसार, यह महीना समय पर बीजी गई गेहूं की बौनी किस्मों में तीसरा पानी और पछेती किस्मों में दूसरा पानी लगाने का है। यदि नाइट्रोजन वाली खाद की कोई मात्रा शेष रह गई हो तो इसी पानी के साथ डाल दें व खाद डालने के बाद गोड़ी अवश्य करें। हल्की जमीन में खाद सिंचाई के बाद डालें। इसी प्रकार जौ की फसल में भी दूसरा पानी तथा नाइट्रोजन की बची आधी मात्रा भी डालें।

## सूरजमुखी 2 किग्रा. बीज प्रति एकड़ बीजें




सूरजमुखी की बिजाई 15 फरवरी तक पूरी कर लें। समय पर बिजाई के लिए हरियाणा सूरजमुखी नं. 1 व संकर किस्में के बीएसएच-1, एमएसएफएच-8, पीएसी-36, आदि किस्मों का बीज प्रयोग करें। उन्नत किस्म का 4 तथा संकर किस्मों का 1.5 से 2 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ प्रयोग करें।

## कपास खेती के बाद गहरी जुताई करें



अगर कपास की फसल के बाद खेत खाली रह गया हो तो फरवरी के अंत में हल से गहरी जुताई कर दें। इससे मिट्टी में पड़ी सूंडियों को पक्षी खा जाएंगे। छंटियों के साथ लगे टिंडों को झाड़कर नष्ट कर दें और ऐसी छंटियों को जलाने के लिए प्रयोग करें। यदि छंटियां खेत में खड़ी हों तो उनकी गहरी कटाई करें।

## चने की फसल में हो सकता है सूंडी का प्रकोप



चने पर फली छेदक सूंडी का आक्रमण कुछ क्षेत्र में हो सकता है। इससे बचने के लिए 400 मिली. क्विनलफॉस 25 ई.सी. या 80 मि.ली. फेनवालरेट 20 ई.सी. 150 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़कें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9-2-23 | 02 | 5-7 |



# दिनेश बने हौंटिया के प्रधान, राजेश महासचिव

## एचएयू : मंगलवार को बाहरी कैंपस व बुधवार को मेन कैंपस में हुआ मतदान



हिसार स्थित एचएयू कैंपस में गैर शैक्षणिक कर्मचारी यूनियन की जीत का जश्न मनाते प्रधान दिनेश के समर्थक। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गैर शैक्षणिक कर्मचारी यूनियन (हौंटिया) का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ। कम्युनिटी सेंटर में हुई मतगणना का परिणाम देर रात घोषित किया गया। प्रधान पद पर दिनेश दूसरी बार चुने गए। वहीं महासचिव पद पर अमित ग्रुप के राजेश परुथी ने जीत हासिल की।

इस चुनाव के लिए कुल 1209 कर्मचारी मतदाता थे। प्रधान समेत नौ पदों के लिए तीन ग्रुप मैदान में थे। मंगलवार को बाहरी कैंपस व बुधवार को एचएयू के मेन कैंपस में वोटिंग हुई। शाम पांच बजे से मतों की गिनती शुरू हुई जो रात नौ बजे तक चली।

कार्यालय सचिव पद पर कृष्ण काजला 132 वोट से जीते। मीडिया सलाहकार रामकीर्तन यादव 43 वोटों से जीते। कोषाध्यक्ष पद पर धीरज यादव 26 वोटों से जीते। लीगल एडवाइजर पद पर सुनील 39 वोट से जीत गए। परिणाम की घोषणा होते ही साथी कर्मचारियों ने जीते उम्मीदवारों को कंधे पर उठा लिया और अबीर गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को बधाई दी।

### प्रधान दिनेश ने अमित को 89 मत से हराया

चुनाव अधिकारी के अनुसार प्रधान पद के लिए अमित को 467 और दिनेश को 538 मत मिले। दिनेश ने 89 मतों से जीत हासिल की। उप प्रधान पद पर रमेश कांटीवाल ने 67 वोट से जीत हासिल की। महासचिव पद पर राजेश परुथी ने सात वोट से जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद पर मुनीष शर्मा 21 वोटों से जीत गए। संगठन सचिव पद पर जितेंद्र ढाका 24 वोटों से विजयी हुए।